## ध्वनि नागड़ा ने बढ़ाया जैन समाज का मान



**सेंधवा।** नगर की महावीर कॉलोनी निवासी और जैन समाज की होनहार बेटी ध्वनि अभय नागड़ा ने मुंबई स्थित विले पार्ले के नरसी मोनजी कॉलेज से बी फॉर्मा एमबीए की डिग्री प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर समाज और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जैन समाज के पदाधिकारियों और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए ध्वनि को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। परिजनों ने बताया कि ध्वनि की इस सफलता के पीछे उसकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का योगदान है।

## बुलेट बाइक के तेज साउंड पर कार्रवाई



**सेंधवा।** थाना सेंधवा शहर क्षेत्र में तेज आवाज वाले साइलेंसर से लैस बुलेट मोटरसाइकिलों की शिकायतों के बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक बाईक सवार को रोका और मोटर वाहन अधिनियम के तहत उसका चालान बनाते हुए बाईक से अवैध साइलेंसर को निकलवाया। पुलिस ने बाईक चालक को कड़ी समझाईश दी और चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की हरकत दोहराई गई तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने बताया कि नागरिकों की शांति भंग करने वाले ऐसे मॉडिफाइड वाहनों पर निगरानी जारी रहेगी।

# क्षेत्र में प्रथम बार होने जा रहा चातुर्मास

### क्षेत्र कमेटी ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर पुण्यार्जक परिवार का किया सम्मान





**बड़वानी, (नवभारत)।** बावनगजा क्षेत्र के मध्य सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित पार्श्वगिरी अतिशय क्षेत्र जहां मनोज्ञ मनोकामना पूर्ण चैतन्य चमत्कारी चतुर्थ कालीन 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा विराजित हैं।

2025 में पार्श्वगिरी अतिशय क्षेत्र पर प्रथम बार चातुर्मास होने जा रहा है। जिसमें गनाधिपति गणधराचार्य 108 श्री कुंथूसागरजी गुरुदेव की परम प्रभावक शिष्या गणिनी आर्यिका माता 105 क्षमा माताजी ससंघ 2 पिच्छि का 37वां और पार्श्वगिरी क्षेत्र पर प्रथम बार चातुर्मास कराने का मौका मिला।

### भव्यता पूर्वक हुई कलश स्थापना

क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष कमल गोधा, उपाध्यक्ष निलेश बड़जात्या, गौरव कासलीवाल, हेमंत रावका, महामंत्री गौरव पहाड़िया, मंत्री सौरभ काला, कोषाध्यक्ष रूपेश जैन एवं आजीवन सदस्य अभिभूत और उत्साहित हैं। चातुर्मास कलश की स्थापना भव्यता पूर्वक हुई।

कमेटी ने तीन कलश रत्नत्रय के सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र स्थापित किए। कलश विराजमान करने का सौभाग्य भीकनगांव के चंदा अशोक झांझरी परिवार, लोहारी के कमल गोधा एवं बेड़िया के पंकज जटाले परिवार को मिला। कमेटी ने तिलक, माला पहनाकर पुण्यार्जक परिवार का सम्मान किया।

इस अवसर पर चातुर्मास करने वाली 105 विकूंदन माताजी ससंघ 2 पिच्छि भी पद विहार कर पार्श्वगिरी क्षेत्र पर पहुंची थी। दोनों संघों की आहारचर्या पार्श्वगिरी क्षेत्र पर ही हई। इस अवसर पर कई स्थानों से साधर्मी पहुंचे। कार्यक्रम के बाद सभी के लिए वात्सल्य भोज का आयोजन भी रखा गया था। साथ ही क्षेत्र के आसपास रहने वाले लगभग 80-90 आदिवासी बच्चों को भी भोजन कराया गया।

उक्त कलश स्थापना कार्यक्रम में सानंद सम्पन्न हुआ। अतिथियों का आभार क्षेत्र के महामंत्री गौरव पहाड़िया ने माना।

**वात्सल्य भोज का आयोजन**

- कार्यक्रम के बाद वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ।
- सानंद सम्पन्न हुआ कलश स्थापना कार्यक्रम।

# आदिवासी संस्कृति अनुसार किया पूजन

**पानसेमल, (नवभारत)।** क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर आदिवासी परम्परा व संस्कृति के तीज त्यौहार और रीति-रिवाज अपनी अलग पहचान रखते हैं। आदिवासी समाजजनों द्वारा दितयावरिया, नेवती, नवाई व अन्य आयोजनों को पारंपरिक रूप से मनाया जाता रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खड़की में मंगलवार को नेवती पर्व मनाया। जिसमें ग्राम पटेल, वारती, पुजारा, डाहला एवं वरिष्ठों की मौजूदगी में पूजन किया जाता है। ग्रामीण सुबह से शुद्धता के साथ इष्ट देवों और पूर्वजों का पूजन करते हैं, जिसके बाद वे भोजन बनाकर परिवार के साथ ग्रहण करते हैं। ग्रामीणों और वरिष्ठजनों ने बताया कि त्यौहारों की शुरुआत पारंपरिक रूप से करते हैं, जिनकी तैयारियों में परिवार के छोटे बड़े सदस्य भी जुट जाते हैं। गांव पटेल दीपक चौहान, पुजारा जंग्या चौहान, डायला गंगाराम पवार, वारती मनोज खेड़कर, कोटवाल जंग्या धनसिंह चौहान, दिनेश चौहान,



जगदीश चौहान, अक्षय चौहान, किशोर पवार, गुमानसिंह पवार, रावण खेड़कर, अस्तर पवार, रमेश खेड़कर एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्यालयों की स्थिति वर्षाकाल के दौरान हुई खराब

**पानसेमल, (नवभारत)।** जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की स्थिति वर्षा के दौरान बहुत ही खराब हो चली है। कुछ विद्यालयों में विद्यार्थी बैठ नहीं पा रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालयों में लगातार पानी टपकने से विद्यालय में रखी सामग्री को भी पहुंचाने का भय बना हुआ है। नवीन सत्र प्रारंभ होने के दौरान ही जिले के शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त डामोर, डीपीसी शर्मा ने संकुल प्राचार्य हॉस्टल अधीक्षकों एवं वरिष्ठ शिक्षकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विद्यालयों के परीक्षा परिणाम,



भवनों की स्थिति के साथ ही शिक्षकों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। जिला अधिकारी को जब मोयदा क्षेत्र की प्राथमिक विद्यालय बलखड़ की स्थिति के बारे में बताया कि वहां शिक्षक नहीं पहुंच रहे हैं और वहां शासकीय रिकॉर्ड की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की गई है। तब अधिकारी ने बीआरसी पानसेमल जितेंद्र बाविसकर को निर्देश दिए की विद्यालय की जांच कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक समय पर नहीं आ रहे ओर अक्सर विद्यालय बंद रहता है। इस प्रकार वे बच्चों को कैसे शिक्षित कर पाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से नियमित विद्यालय का संचालन, विद्यार्थियों के गणवेश, विद्यार्थियों की उपस्थित, छात्रवृत्ति एवं विद्यालय की समस्त समस्याओं पर चर्चा कर जिम्मेदारों को अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही गई। जिला परियोजना समन्वयक डीपीसी प्रमोद शर्मा ने विद्यालय के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को कहा कि यदि आप विद्यालय के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता करते हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मीडिया के सवालों के जवाब में अधिकारियों ने कहा कि जर्जर हो चुके विद्यालय एवं निजी विद्यालय में बढ़ती महंगी शिक्षा जैसे महंगी किताबें, महंगा शिक्षण शुल्क को लेकर बड़वानी कलेक्टर के आदेशानुसार एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर निजी विद्यालय में भ्रमण कर जांच कर उचित कदम उठाकर कार्रवाई की जाना है। बैठक के बाद मोयदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विद्यालयों की स्थिति में सुधार करने की मांग की तथा पानसेमल कन्या विद्यालय में भोजन बनाने के बर्तनों की व्यवस्था की मांग की। बैठक में एसीएडीपीसी सहित बीआर सी जितेंद्र बाविस्कर, बीईओ विनोद पाटीदार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सरिता धारवे, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य द्वारिका आर्य मुख्य रूप से सम्मिलित रहे।

**परेशानी** | **यूरिया-डीएपी की कमी से हाहाकार, आंदोलन की राह पर किसान**

# सेंधवा में खाद की भारी किल्लत

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 10 जुलाई.** खाद संकट की समस्या अब पूरे जिले में किसानों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। यूरिया और डीएपी की भारी कमी के कारण किसान दिनभर कतारों में खड़े हैं। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो खाद केंद्रों की तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सेंधवा सहित पूरे बड़वानी जिले में यूरिया और डीएपी खाद की भारी कमी से किसान बेहाल हैं। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए आठ से पंद्रह दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। सेंधवा के बड़े घट्य्या-पट्य्या स्थित नगद



वितरण केंद्र पर प्रतिदिन सैकड़ों किसान सुबह से ही कतार में लग जाते हैं, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल रहता है।

### भारतीय किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

भाकिसं के संभागीय सदस्य मंशाराम पंचोले ने बताया कि केंद्र पर प्रतिदिन 500 से 700 किसान खड़े रहते हैं, न तो पीने के पानी की सुविधा है और न ही अन्य जरूरी व्यवस्थाएं। किसानों ने चिंता जताई है कि यदि समय पर खाद नहीं मिली, तो फसलें खराब हो जाएंगी और उन पर कर्ज का बोझ बढ़ जाएगा। किसान संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वितरण प्रणाली में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो खाद केंद्रों की तालाबंदी की जाएगी और पूरे जिले में क्रमबद्ध आंदोलन शुरू होगा। इसका जिम्मेदार प्रशासन को ठहराया जाएगा।

# पुलिस विभाग में फिर 65 कर्मियों के तबादले

**इंदौर.** शहर में पुलिस महकमे ने सोमवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 65 पुलिसकर्मियों के तबादले कर दिए. इनमें 41 कांस्टेबल तथा 24 एसआई, एएसआई, हेड कांस्टेबल और अन्य शामिल हैं. यह सभी कर्मचारी लंबे समय से थानों या कार्यालयों में पदस्थ थे और तीन वर्ष से अधिक समय हो चुका था.

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन तबादलों की सूची उन 90 पुलिसकर्मियों पर केंद्रित रही, जिन पर विभागीय जांच, अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार या अन्य शिकायतें दर्ज हैं. इससे पहले 17 पुलिसकर्मियों को थाने से हटाकर सीधे डीआरपी लाइन अटैच किया जा चुका है. इस तरह अब तक 85 पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण किए जा चुके हैं. डीएसपी मुख्यालय प्रकाश परिहार द्वारा जारी की गई दो अलग-अलग सूचियों के अनुसार, इन सभी को विभिन्न थानों व इकाइयों में स्थानांतरित किया है. कई पुलिसकर्मियों पर लंबे समय से शिकायतें लंबित थीं, जबकि कुछ के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है. वहीं, कुछ मामलों में कोर्ट से क्लीन चिट मिलने या शिकायत सिद्ध न हो पाने के चलते कुछ नाम फिलहाल तबादला सूची से बाहर रखे गए हैं. इस बीच, विभागीय कार्रवाई को लेकर खुद महकमे के भीतर से ही सवाल उठने लगे हैं. कुछ टीआई, एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों पर भी पारदर्शिता की अनदेखी करने के आरोप लगाए जा रहे हैं.

सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई की प्रक्रिया में कथित पक्षपात को लेकर अंदरखाने असंतोष भी देखा जा रहा है.

# रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य तत्काल चालू करें : सिलावट

**रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस आदि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें**

**जल संसाधन मंत्री की अध्यक्षता में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर बैठक**

**इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, विजय नगर एसीपी आदित्य पटले, अनुविभागीय अधिकारी सांवेर घनश्याम धनगर, अनुविभागीय अधिकारी जूनी इंदौर के प्रदीप सोनी, एसीपी ट्राफिक मनोज खत्री, लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी सहित रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.**



बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगापुर टाउनशिप के पास स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास ट्रैफिक समस्याएं आ रही है, इसे देखते हुए समीप बन रहे नवीन अंडर पास के निर्माण कार्य को तत्काल चालू करें. यह निर्माण कार्य वर्ष 2018 से बन रहा, किन्तु अभी तक तैयार नहीं होने पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर इस कार्य को तुरंत चालू करने के निर्देश दिए. जिस पर रेलवे अधिकारी ने उक्त कार्य को तुरंत चालू करने का आश्वासन दिया.

मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर देखे और सतत मॉनिटरिंग करें, ताकि बारिश के मौसम में स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो. रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस आदि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को परेशानियां न उठाना पड़े.

### भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाए

श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को कहा सिंगापुर टाउनशिप पास के नवीन निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज के बंद निर्माण कार्य को पुन: चालू कर बाउंड्रीवाल का निर्माण करें. निर्माण में लगने वाले समय को भी बताया जाये, ताकि जो निर्माण कार्य है, वह हो सकें. साथ ही रेत डंपर, बड़े डीजल-पेट्रोल चलित बड़े टैंकर, क्रेन, जेसीबी, बड़े आयशर गाड़ियां, छोटे ट्रक को रोकने के लिए आरपीएफ पुलिस की व्यवस्था की जाये. उन्होंने अपर कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेत डंपर, क्रेन, टैंकर, स्कूल बसें एवं चार पहिया वाहनों के आवागमन से अंडर ब्रिज पर सुबह 6 से 8 बजे व दो. 2 से शाम 4 बजे तक यातायात बाधित हो जाता है. इस वजह से स्थानीय नागरिकों व स्कूली बच्चों को परेशानी होती है. इस कार्य के निराकरण के लिए स्थानीय थाने से पुलिस व्यवस्था की जाये. इसके अलावा सिंगापुर टाउनशिप जंक्शन से रेलवे अंडर ब्रिज तक का मार्ग संकरा होने के कारण भारी वाहनों से बार-बार यातायात बाधित होता है, इसलिए ऐसे वाहनों को प्रतिबंधित किया जाये.

# ओमैक्स ने इंदौर में 450 एकड़ क्षेत्रफल में एकीकृत टाउनशिप की योजना के साथ किया विस्तार का ऐलान

**इंदौर.** एस्टेट डेवलपर्स ओमैक्स लिमिटेड ने इंदौर शहर में 450 एकड़ क्षेत्रफल में भूमिका अधिग्रहण कर मध्यप्रदेश में अपनी महत्वपूर्ण विस्तार योजना की घोषणा की है. ओमैक्स इस भूमि परआधुनिक एकीकृत टाउनशिप का निर्माण कर भारत के टियर 2 शहरों को विकास केंद्रों (ग्रोथहब्स) के तौर पर विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएगी.

इंदौर के तेजी से विकसित हो रहे ज़ोन्स में विकसित होनेवाली इस नई टाउनशिप से यहां शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा. लगभग 1200 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार होने वाली इस परियोजना को कई चरणों में विकसित करने की योजना है, और इससे अगले तीन वर्षों में 2500 रुपए करोड़ का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है.

ओमैक्स के अनुशासित फाइनेंशियल दृष्टिकोण के अनुरूप, फंडिंग के लिए आंतरिक स्रोतों का उपयोग किया जाएगा. मोहित गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, ओमैक्स लिमिटेड ने कहा, यह प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश में हमारी विस्तार योजना में महत्वपूर्ण है. हमारा हमेशा से मानना है कि इंदौर जैसे शहरों में दीर्घकालिक विकास की काफी संभावनाएं मौजूद हैं, और इस टाउनशिप को फ्यूचर-रेडी इको सिस्टम को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है,

### चौड़ी-खुली आंतरिक सड़कें और हरियाली

ओमैक्स की इस नई टाउन शिप में कुछ रिहाइशी भूखंडों के अलावा आवासीय समूह, कमर्शियल और रिटेल ज़ोन्स, हॉस्पीटेलिटी क्षेत्र, स्कूल एवं हेल्थकेयर सुविधाओं समेत पार्कों, ग्रीनबेल्ट तथा अन्य सार्वजिनक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा. टाउनशिप का लेआउट इस तरह से होगा कि इस सेल्फ-सस्टेन्ड अर्बन इकोसिस्टम में चौड़ी-खुली आंतरिक सड़कें, बिजली और पानी का समुचित इंतजाम, रास्तों के दोनों ओर हरियाली और चौबीसों घंटे सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी.



# मकान मालिकों के विवाद में स्कूल पर लगा ताला

- दो घंटे तक सड़क पर बैठे रहे छात्र
- पुलिस हस्तक्षेप के बाद खुला स्कूल

नव भारत न्यूज
**इंदौर.** चंदननगर क्षेत्र में आमवाला रोड स्थित एक निजी स्कूल के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सुबह-सुबह बच्चे और शिक्षक स्कूल पहुंचे, लेकिन मुख्य द्वार पर ताला जड़ा मिला. यह स्थिति दो मकान मालिकों के आपसी विवाद के चलते बनी, जिससे मासूम विद्यार्थियों को करीब दो घंटे तक स्कूल के बाहर सड़क पर बैठकर इंतजार करना पड़ा.

मामला अल-हीरा पब्लिक स्कूल की एक शाखा से जुड़ा है, जो इलाके में चार स्थानों पर संचालित हो रहा है. यह मकान के दो पक्ष याकूब मुल्तानी और अय्यूब मुल्तानी ने रात में स्कूल भवन पर ताला जड़ दिया. स्कूल संचालक याकूब मेमन ने तत्काल इसकी सूचना चंदननगर पुलिस को दी थी. पुलिस ने भरोसा दिया था कि सुबह तक ताला खुलवा दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. सुबह 7 बजे से छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक स्कूल के बाहर असमंजस में खड़े रहे. स्टाफ के आने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई कि मकान विवाद के चलते स्कूल का संचालन प्रभावित हो रहा है. इसके बाद पुनः पुलिस से संपर्क किया लेकिन शुरुआत में कोई ठोस जवाब नहीं मिला.

## एमवाय अस्पताल में जटिल एंडोस्कोपिक थायरॉयड सर्जरी सफल

नव भारत न्यूज
**इंदौर.** एमवाय अस्पताल की सर्जरी टीम ने एक अत्यंत जटिल एंडोस्कोपिक थायराडेक्टमी थायरॉइड ग्रंथि की शल्य चिकित्सा कर एक मरीज की जान बचा ली गई. 45 वर्षीय ओमप्रकाश नामक मरीज को सांस लेने और निगलने में दिक्कत, गले की सूजन और सीने पेट में भारीपन की शिकायत थी. जांचों के बाद पाया कि उसकी थायरॉइड ग्रंथि में अत्यधिक सूजन आ चुकी थी और गले में गांठ का आकार खतरनाक रूप से बढ़ गया था. महाविद्यालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत मरीज को भर्ती कर विस्तृत परीक्षण किए और फिर चार घंटे तक चले ऑपरेशन में सफलतापूर्वक थायरॉइड ग्रंथि को निकाला. चुनौती यह थी कि ग्रंथि स्वर रज्जु से चिपकी हुई थी, जिससे आवाज जाने का गंभीर खतरा था. साथ ही, थायरॉइड क्षेत्र में अत्यधिक रक्त सप्लाई होने के कारण रक्तस्राव की भी बड़ी आशंका थी. डॉ. घनघोरिया ने बताया ऑपरेशन तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल था. स्वर रज्जु और पैराथायरॉइड ग्रंथियों को सुरक्षित रखते हुए हमने ग्रंथि को पूरी तरह हटाया और मरीज की जान बचाई. टीम के सदस्य डॉ. मनीष गोयल ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को विशेष वॉयस रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजारा जा रहा है. एंडोस्कोप से वोकल कॉर्ड स्वर रज्जु को उत्तेजित कर स्वर-उत्पत्ति में मदद की जाती है. उम्मीद है मरीज जल्द सामान्य रूप से बोलने लगेगा. जटिल ऑपरेशन में डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के साथ डॉ. नवीन गुप्ता, डॉ. मनीष गोयल और अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम का योगदान रहा.

# देवी अहिल्या संस्था की वरीयता सूची जल्द जारी करें : कलेक्टर

नव भारत न्यूज

- सहकारिता,आईडीए और कॉलोनी सेल विभाग को दिए निर्देश

**इंदौर।** शहर की विवादित देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था की वरीयता सूची जल्द जारी की जाएं। संस्था सदस्यों की पात्रता और अपात्रता की जांच कर चयन प्रक्रिया पूरी कर सूची को अंतिम रूप दे। यह निर्देश आज कलेक्टर ने सहकारिता,आईडीए और कॉलोनी सेल विभाग को दिए.

कलेक्टर आशीष सिंह से आज देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों ने मुलाकात कर समस्या बताई थी. सदस्यों ने कलेक्टर से संस्था वरीयता सूची प्रकाशित करने की मांग की. इसके बाद कलेक्टर ने मौके से ही मोबाइल पर संबंधित विभाग प्रमुखों से



चर्चा की. साथ ही निर्देश दिए उक्त संस्था के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूर्ण करें। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग, कॉलोनी सेल को आदेश दिए कि संस्था के पात्र और अपात्र सदस्यों की जांच कर वरीयता सूची का जल्द प्रकाशन करें. कलेक्टर आशीष सिंह ने आज जमीन और प्लॉट संबधी शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अनियमितताएं और धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भू माफियाओं के खिलाफ प्रशासन कारवाई कर रहा है.

### इलाज शिक्षा के लिए भी सहायता

जनसुनवाई में आवास, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, निजी भूमि पर अतिक्रमण, बीमार व्यक्ति को आर्थिक सहायता आदि संबंध में आवेदन आयें. जनसुनवाई में प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया. शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया. इसके साथ ही जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई. निर्देश दिए गये कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सकते, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर, समय-सीमा में सकारात्मक समाधान किया जाए.